आकाशवाणी चंडीगढ़

12 जनवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश की युवा शक्ति भारत को जल्द ही विकसित राष्ट्र बनायेगी।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज राष्ट्रीय युवा दिवस पर ग्रामीण युवाओं के लिए एक साथ 150 जिम का उद्‌घाटन किया।
- मुख्यमंत्री ने आठ अधिसूचित खेलों के लिए मुफ़्त खेल उपकरण देने और अन्तर युवा क्लब खेलों को वार्षिक खेल कैलेंडर में शामिल करने की घोषणा की।
- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों के बैंक खातों में 184 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की।
- कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस और सांसद हनुमान बेनीवाल भ्रम फैला रहे हैं।

*************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश की युवा शक्ति जल्द ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। आज नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद के अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें नई पीढ़ी पर भरोसा है और वह सभी समस्याओं का समाधान खोज लेगी।

श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत आर्थिक, रणनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। कई क्षेत्रों में भारत समय से पहले अपने लक्ष्यों को पूरा कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने देश भर के तीन हजार ऊर्जस्वी युवा नेताओं से बातचीत की।

*****************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती पर ग्रामीण युवाओं के लिए एक साथ 250 ज़िम का उदघाटन किया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में युवाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा–

उन्होंने आठ अधिसूचित खेलों के लिए मुफ्त खेल उपकरण देने तथा राज्य के वार्षिक खेल कैलेंडर में " अंतर युवा क्लब खेलों " को शामिल करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर खंड में कम से कम एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 खंडों में नए सरकारी आई.टी.आई. के लिए भवनों का निर्माण प्रक्रिया में है। शेष 20 खंडों में भी आई.टी.आई. खोले जाएंगे जिन पर 400 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न देशों की भाषाओं में युवाओं को दक्ष बनाने के लिए एक खास नीति बनाने और उसे संबंधित एजेंसी से प्रमाणित करवाने का खर्च भी सरकार द्वारा

वहन करने की घोषणा की। श्री नायब सिंह सैनी ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए युवाओं को प्रदेश से नशा की सामाजिक बुराई को समाप्त करने का आहवान भी किया। इससे पूर्व उन्होंने युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए प्रेरित करने वाले एक गीत का लोकार्पण भी किया जिसको प्रसिद्ध गायक नवीन पुनिया ने गाया है।बाद में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने आई.टी.आई के प्रशिक्षुओं को नौकरी के पत्र भी प्रदान किए और एन.एस.एस के अवार्डी युवाओं और स्वयं सेवकों को भी सम्मानित किया।

*****************************************************

हरियाणा के खेल एवं युवा मामले विभाग के राज्य मंत्री ग़ौरव गौतम ने आज राष्ट्रीय युवा दिवस पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में युवाओं को बतौर विशिष्ट अतिथि सम्बोधित किया। स्वामी विवेकानंद जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन युवाओं में साहस और ऊर्जा का संचार करने वाला दिन है। श्री गौरव गौतम ने कहा -

उन्होंने कहा कि हरियाणा हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

*****************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज 184 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की। इसमें फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों के लिए 10393 मशीनों पर 122 करोड़ रुपये का अनुदान और 62 करोड़ रुपये का बोनस शामिल है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर अनुदान पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान और उन्नत कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

*******************************************************

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस और राजस्थान के सांसद हनुमान बेनीवाल भ्रम फैला रहे है। आज भिवानी में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा -

एक सवाल के जवाब में कुमारी सैलजा और रणदीप व हुड्डा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अलग अलग गुट में बंटी हुई है। लोहारू के छात्र हत्या मामले पर एक सवाल के जवाब में श्री गंगवा ने कहा -

कैबिनेट मंत्री ने किसान आंदोलन पर बोलते हुए कहा कि बी.जे.पी ने किसानों की सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है।फसल का पैसा भी 72 घंटे में किसान के खाते में जा रहा है। फसल खराब

होने पर मुआवजा भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब के किसानों की कोई समस्या है तो वहाँ की सरकार उसका निवारण करे।

*******************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा ने कहा है कि शिक्षकों के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा जगत में नई क्रान्ति का सूत्रपात किया जाएगा। वह शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत "भारतीय शिक्षा, संस्कार, मूल्य और आपके सुझाव" विषय पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि इसका आगाज आज स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के तीन अन्य जिलों से किया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसको हासिल करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक वर्ग, नागरिक से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। शिक्षा नीति को लागू करने में अहम योगदान शिक्षक का होगा, इसलिए शिक्षकों से सुझाव लेने की पहल की गई है। बाद में, पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहली अप्रैल से किसी भी स्कूल में शिक्षक की कमी नहीं रहेगी।

*******************************************************

हरिद्वार में आयोजित 50वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में हरियाणा की पुरुष कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक और महिला टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। पंचायत मंत्री और हरियाणा एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने खिलाड़ियों

को  पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पुरुष कबड्डी टीम ने फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड की टीम को 51-21 के विशाल अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वही महिला वर्ग में हरियाणा ने 45-44 के अंतर से रजत पदक हासिल किया।

*******************************************************